Rcms 2014/00009

मिसल नं0 2/2014 (निगरानी) सरकार जर्ये विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगोद बनाम सचिव ग्राम पंचायत आवां (2) राजेन्द्र कृष्ण पुत्र भंवरलाल श्रृंगी निवासी ग्राम आवां तहसील सांगोद (3) निरजंन कृष्ण पुत्र भंवरलाल श्रृंगी नि0 आवां तहसील सांगोद

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22-01-20	गैर निगराकार नं0 3 के अभिभाषक उपस्थित पत्रावली का अवलोकन किया गया । विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगोद द्वारा प्रस्तुत निगरानी में गैर निगराकार नं0 2 का सही पता अंकित नही किया है । निगराकार की ओर से कोई उपस्थित नही हो रहा है । तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट के अनुसार गैर निगराकार नं0 2 राजेन्द्र कृष्ण पुत्र भंवरलाल जाति ब्रा0 ग्राम आवां मे निवास नही करता है । जिससे गैर निगराकार नं0 2 की तामील नही हो पा रही है । अतः विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगोद द्वारा प्रस्तुत निगरानी इस निर्देश के साथ खारिज किया जाता है कि गैर निगराकार नं0 2 राजेन्द्र कृष्ण का सही पता अंकित करते हुए निगरानी पुनः नये सिरे से प्रस्तुत करें । मूल निगरानी पत्रावली विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगोद को भिजवावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफतर हो । अति0 जिला कलक्टर,, कोटा कोटा	